Rashtriya Sahara- New Delhi- 06-07-2011

डीटीयू : बीटेक कोर्सेज में दाखिले की पहली सूची जारी

नई दिल्ली, (एसएनबी)। दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) ने एआईईईई-2011 के रैंक के आधार पर मंगलवार को बीटेक पाठ्यक्रमों में दाखिले की पहली दाखिला सूची जारी कर दी। जिसके तहत बीटेक के 15 पाठ्यक्रमों में दाखिले से लिए रैंक तय हो गए हैं। अब बुधवार से इस रैंकों के आधार पर विद्यार्थी कैम्पस पहुंचकर दाखिला ले सकेंगे। विद्यार्थियों को दाखिले के लिए मूल प्रमाणपत्र, उसकी फोटोकॉपी व फीस लानी होगी। विश्वविद्यालय द्वारा दूसरी दाखिला सूची अब 15 जुलाई को जारी की जाएगी। मंगलवार को दोपहर ढ़ाई बजे विश्वविद्यालय द्वारा दाखिला सूची जारी कर दी गई। अपने-अपने दाखिले के बारे में जानने के लिए विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ कैम्पस पहुंचे। काउंसलिंग में जिनका रैंक दाखिले में आ गया, वे खुशी से झूम उठे। जबकि जिन विद्यार्थियों का रैंक पहली काउंसलिंग में नहीं आया वे मायूस होकर दूसरी काउंसलिंग के लिए वापस लौट गये।

विश्वविद्यालय द्वारा बीटेक के पाठयक्रमों में दाखिले के लिए 1218 सीटों के लिए आवेदन मंगाए गये थे। इन सीटों में 85 फीसद सीटें दिल्ली के विद्यार्थियों और 15 फीसद सीटें दिल्ली से बाहर के विद्यार्थियों के लिए रखीं गई हैं। दाखिले के लिए 10 हजार 827 विद्यार्थियों ने आवेदन किये। इन आवेदनों के बाद विश्वविद्यालय द्वारा अपना कोर्स विकल्प बदलने का मौका दिया गया था। जिसमें 9899 विद्यार्थियों ने अपना कोर्स बदला। विश्वविद्यालय के एडमिशन कमेटी के चेयरमैन प्रो ओपी वर्मा के अनुसार दिल्ली सामान्य वर्ग में 3625, दिल्ली के बाहर के सामान्य वर्ग में 2868, दिल्ली एससी वर्ग में 1005, दिल्ली से बाहर के एससी 489, दिल्ली एसटी 245, दिल्ली से बाहर के एसटी 106 और दिल्ली के ओबीसी 870 और दिल्ली के बाहर के ओबीसी 781 हैं। डीटीयू द्वारा जारी पहली दाखिला सूची में प्रत्येक कोर्स में अलग-अलग रैंक के विद्यार्थियों का दाखिले के लिए योग्य करार दिया है।

> ▶ **55 से 2297 रैंक तक के स्टूडेंट्स कंप्यूटर इंजीनियरिंग में दाखिले के लिए योग्य करार**

इलैक्ट्रॉनिक्स एंड कम्प्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में 562 से 3608, कम्प्यूटर इंजीनियरिंग में 55 से 2297, मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 89 से 4905, इलैक्ट्रीकल इंजीनियरिंग में 1042 से 6166, प्रोडक्शन एंड इंडस्ट्रीयल इंजीनियरिंग में 5673 से 8427, सिविल इंजीनियरिंग में 3437 से 7310, इन्वायरमेंटल इंजीनियरिंग में 8358 से 9904, पॉलीमर साइंस व कैमिकल टेक्नोलॉजी में 7721 से 9481, इंफोरमेशन टेक्नोलॉजी में 3282 से 5604, बायो टेक्नोलॉजी में 8502 से 9851, सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग में 3711 से 6916 रैंक वालों को दाखिले के लिए योग्य करार दिया गया है। इसी प्रकार इलैक्ट्रीकल एंड इलैक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में 501 से 4929, ऑटोमोटिव इंजीनियरिंग में 5464 से 7877, इंजीनियरिंग फिजिक्स में 4525 से 9675 और मैथमेटिक्स एंड कम्प्यूटिंग इंजीनियरिंग में 2949 से 8674 एआईईईई रैंक वालों को दाखिला सूची में शामिल किया गया है।